प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. गोंडा में चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 6 बोगिया पटरी से उतरी : रेल हादसे में दो लोगों की मौत, बीस से अधिक घायल : बचाव और राहत कार्य जारी।
2. रेलवे ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख रुपए, गंभीर रुप से घायलों को ढाई लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने का किया ऐलान।
3. सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए को नीट अभ्यर्थियों के मार्क्स केन्द्र और शहरवार ऑनलाइन जारी करने का दिया निर्देश : 22 जुलाई को होगी अगली सुनवाई।

और

4. राज्य में 13 जिलों के 16 सौ से अधिक गांव अभी भी बाढ़ से प्रभावित : कई जिलों में नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर।

———————

गोंडा जिले में आज दोपहर हुए रेल हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। गोंडा–गोरखपुर रेलमार्ग पर मनकापुर सेक्शन के झिलाही हॉल्ट के पास चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की 21 बोगियां

पटरी से उतर गईं। प्रशासनिक और रेलवे अधिकारियों की निगरानी में राहत कार्य जारी है। रेलवे की ओर से हादसे में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को ढाई लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि का ऐलान किया गया है। वहीं मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए गए हैं। और जानकारी हमारे संवाददाता से...........

*हादसा दोपहर ढाई बजे के करीब हुआ जब चंडीगढ़–डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन गोंडा से गोरखपुर की तरफ जा रही थी और मनकापुर से पांच किलोमीटर पहले पटरियों से ट्रेन के डिब्बे उतर गए। इस हादसे में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है और यात्रियों को बस के जरिए मनकापुर स्टेशन ले जाया गया है। जहाँ से रेलवे एक विशेष रेलगाड़ी के जरिए उन्हें उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाएगा। रेलवे के सीपीआरओ ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया है कि दो लोगों की मौत हुई है और सात से अधिक लोग घायल हैं। फिलहाल घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं और रेलवे इस मेन रूट को सही करने और राहत कार्य को संपन्न करने का काम युद्धस्तर पर जारी रखे हुए है। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार गोरखपुर।*

रेल हादसे की वजह से लखनऊ से गुवाहाटी जाने वाला मुख्य रेलमार्ग अवरुद्ध है। इस मार्ग पर 11 ट्रनों का रूट परिवर्तित कर दिया गया है और दो ट्रेने रद्द कर दी गइ हैं। रेल यात्रियों की मदद और अन्य जानकारी के लिये रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। लखनऊ के लिए ये नंबर 8957409292 आर गोंडा के लिए 8957400965 हैं, जबकि देवरिया सदर के लिये 8303098950 है।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित इलाज के साथ–साथ राहत एवं बचाव कार्य में तेजो लाने क निर्देश दिये हैं।

——————————

मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट मामले पर सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए को सभी छात्रों के मार्क्स केन्द्र और शहरवार अपनी वेबसाइट पर 20 जुलाई को दोपहर 12 बज तक जारी करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी0वाई0 चन्द्रचूड की अगुवाई वाली खंडपीठ ने आज नीट–यूजी 2024 मेडिकल प्रवेश परीक्षा के संचालन में हुई कथित अनियमितताओं से संबंधित 40 से अधिक याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 5 मई की परीक्षा में कथित अनियमितताओं को रद्द करने, दोबारा परीक्षा करवाने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे यह प्रमाणित करें कि पेपर लीक प्रणालीगत थी और इसने पूरी परीक्षा को प्रभावित किया है, इसलिए इसे रद्द करना जरूरी है। शीर्ष अदालत म पहले के दायर अपन हलफनामे में केन्द्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा था कि बड़े पैमाने पर गोपनीयता के खुलासे के किसी भी सबूत के बगैर परीक्षा

को रद्द करना अनुचित होगा और लाखों योग्य उम्मीदवारों को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा।

इससे पहले न्यायाधीश जे0 बी0 पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने यह भी कहा था कि परीक्षा की शुचिता से छेडछाड की गई है। पीठ ने कहा कि परीक्षा रद्द करने का निर्णय अंतिम विकल्प होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कांवड़ यात्रा से संबंधित सड़कों की मरम्मत का शेष काम जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। श्री योगी ने कल लखनऊ में आगामी 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई और नगर विकास विभागों के अधिकारियों से कहा कि पूरे कांवड़ यात्रा मार्ग की साफ–सफाई कराई जाए, कहीं भी गंदगी अथवा जलभराव नहीं होना चाहिए और कांवड़ यात्रा मार्ग पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा यात्रा मार्ग की निगरानी ड्रोन से हो और प्रमुख अवसरां पर पुष्प वर्षा कराई जाये।

श्री योगी ने कहा कि यह सिलसिला पूरे महीने जारी रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, बस्ती, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी के

नगरीय क्षेत्रों में आस्था के केंद्र शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा मंदिर प्रबंधन से संपर्क–संवाद कर शिवालयों में भीड़ प्रबंधन कर लिया जाए।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज हाथरस के आर.डी. कन्या महाविद्यालय के स्वर्णोदय महोत्सव में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने सत्संग में भगदड़ के मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि लोगों को अंध विश्वास से दूर रहना चाहिए, अंध विश्वास का भ्रम फलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जरूर होनी चाहिए। श्रीमती पटेल ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं, क्योंकि बेटियां देश का भविष्य हैं।

——————————

प्रदेश के कई जिलों मे बाढ़ की स्थिति में काफी सुधार आया है। बीते तीन दिनों से बारिश न होन और नेपाल से पानी छोड़े जाने के नियंत्रण के बाद राज्य में बाढ़ प्रभावित जिलों की संख्या छब्बीस से घट कर तेरह रह गयी है, हालांकि अभी भी लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, देवरिया, उन्नाव और महराजगंज जिलों की तिहत्तर तहसीलों के सोलह सौ एकसठ गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गोरखपुर में राप्ती नदी का जलस्तर घटा है, फिर भी वह खतरे के निशान से 95 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है, जबकि जिले के 55 गांव अब भी बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं सिद्धार्थनगर में बूढ़ी राप्ती और गोंडा में क्वानो खतरे के जलस्तर से ऊपर बह रही है। उधर, वाराणसी में गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। नगर के करीब दस गंगा घाट डूब चुके हैं। राहत आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बाढ प्रभावित क्षेत्रो में पंद्रह कंपनी एनडीआरएफ, सोलह कंपनी एसडीआरएफ और तैंतीस कंपनी पीएसी फ्लड बटालियन तैनात की गयी हैं। लोगों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेजा रहा है। बाढ़ प्रभावित जिलों में प्रशासन द्वारा राहत सामग्री बांटी जा रही है।

——————————

आगामी 22 जुलाई से श्रावण मास शुरू हो रहा है। सावन में काशी विश्वनाथ मंदिर म आने वाले श्रद्धालुओं के लिये दर्शन पूजन और सुरक्षा की दृष्टि से नये दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। एक रिपोर्ट .......

*सावन का महीना 22 जुलाई से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगा। वाराणसी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दर्शन–पूजन और सिक्योरिटी की नई गाइडलाइन जारी की गई है। सावन के हर सोमवार को सभी तरह के दैनिक पास निरस्त रहेंगे। इस दिन मंदिर के अंदर एक भी लॉकर की सुविधा नहीं होगी। वीआईपी श्रद्धालुओं के लिए एक तय समय में ही प्रोटोकॉल दर्शन पूजन की व्यवस्था होगी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि जिक जैक लगाकर श्रद्धालुओं को नियंत्रित किया जाएगा जिससे कि मंदिर परिसर में अधिक भीड़ हो तो उनको नियंत्रित किया जा सके इसके अलावा जब सावन के सोमवार को अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पधारेंगे तो स्पर्श दर्शन पर रोक लग जाएगी। यह सारी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए की जा रही है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

——————————

फिरोजाबाद जिले में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक–नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह दुर्घटना कल देर रात जसराना इलाके के बनवारा के पास उस समय हुई, जब एक बाईक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। यह तीनों युवक एक समारोह से वापस आ रहे थे।

**(समाप्त)**